12/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने सिक्किम स्थित लोक भवन में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी परनाइक से मुलाकात की, जो दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर गेंगटोक में हैं। राज्यपाल ने देश में सबसे स्वच्छ राज्य के रूप में उभरने के लिए सिक्किम की शानदार उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की। उन्होंने राज्य सरकार के स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक जिम्मेदारी पर लगातार ध्यान केंद्रित करने की सराहना करते हुए कहा कि ये प्रयास लोगों के बीच सार्वजनिक अनुशासन और सामूहिक स्वामित्व की भावना को दर्शाते हैं। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच सौहार्दपूर्ण और रचनात्मक संबंधों को स्वीकारते हुए, राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि यह सद्भावना दोनों राज्यों के आपसी लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर सहयोगों को बढावा देंगी। इसके अलावा, राज्यपाल ने गेंगटोक के आर्मी कैंटोनमेंट में 17 माउंटेन डिवीजन के पैसठवें स्थापना दिवस के अवसर पर अधिकारियों और सभी रैंकों के जवानों से भी बातचीत की।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आगामी 19 और 20 जनवरी को पासीघाट के हंप म्यूज़ियम से ऐतिहासिक पांगसू पास तक होने वाली विलीज़ जीप रैली से पहले एक रिस्टोर्ड WWII विलीज़ जीप का टेस्ट-ड्राइव किया। यह रैली दूसरे विश्व युद्ध के समाप्त हुए 80 साल पूरे होने

के अवसर पर आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर श्री मेन ने अपने दादाजी की कहानियों को याद किया, जिन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान पांगसू पास से म्यितक्यीना तक स्टिलवेल रोड से विलीज़ जीप चलाई थी। उन्होंने कहा कि यह ड्राइव लोगों के हौसले और इतिहास में अरुणाचल की भूमिका का सम्मान पर आधारित है।

000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के संसदीय मामलों के मंत्री पी डी सोना ने चेयरपर्सन रतन अन्या की अगुवाई में अरुणाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग - APSCPCR के सदस्यों और सदस्य सचिव के साथ कमिश्नर शिक्षा अमज़ाद ताक की मौजूदगी में एक बैठक की। आयोग ने ईस्ट सियाङ जिले के निगलोक स्थित सैनिक स्कूल में हुई दुखद घटना के संबंध में की गई जांच पर अपनी विशेष रिपोर्ट सौंपी, जिसमें एक 12 साल के नाबालिग लड़के की जान चली गई थी। आयोग ने राज्य के बच्चों के लिए मज़बूत सुरक्षा तंत्र सुनिश्चित करने के लिए अपने मुख्य निष्कर्ष और महत्वपूर्ण सिफारिशें को साझा किया। इसके जवाब में, श्री सोना ने आश्वासन दिया कि इस मामले को आने वाले बजट सत्र के दौरान विधानसभा में रखा जाएगा, ताकि बच्चों की सुरक्षा को मज़बूत करने और सभी संस्थानों में एक सुरक्षित सीखने का माहौल बनाने के लिए सार्थक और ठोस कदम उठाए जा सकें।

000000000000000000000000

डॉ. सब्यसाची रॉय, रीजनल हेड NES, नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड, कोलकाता द्वारा समीर कुमार परिदा, मैनेजिंग डायरेक्टर, वेस्ट असम मिल्क यूनियन लिमिटेड 'पुरबी डेयरी' के साथ अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी हिस्से का दौरा किया और वेस्ट कामेंग जिलों में डेयरी किसानों, कोऑपरेटिव सदस्यों, पंचायत सदस्यों और फील्ड अधिकारियों से बातचीत की। दौरे का मल्टीपर्पस डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी और नए मिल्क यूनियन बनाते हुए डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट लगाकर, दूध की वैल्यू चेन को मज़बूत करके और दूध उत्पादकों के लिए स्थायी रोज़गार के अवसर पैदा कर अरुणाचल प्रदेश में श्वेत क्रांति 2.0 को और बढावा देना था। साथ ही लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत के सीमावर्ती राज्य में, जिसमें भारतीय सेना भी शामिल है, अच्छी क्वालिटी का दूध एवं दूध उत्पाद उपलब्ध करना है।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने नामसाई ज़िले में बन रहे चोंगखाम स्टेडियम का जायज़ा लिया। यह प्रोजेक्ट ज़मीनी स्तर पर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पूरा होने के बाद, यह स्टेडियम युवाओं को ट्रेनिंग, मुकाबले और अपने खेल के सपनों को पूरा करने के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करेगा। श्री मेन ने कहा कि अच्छी क्वालिटी के इंफ्रास्ट्रक्चर के ज़रिए युवा प्रतिभा को बढ़ावा देना एक स्वस्थ, ज़्यादा एक्टिव और आत्मविश्वासी अरुणाचल की दिशा में एक मुख्य प्राथमिकता है।

0000000000000000000000000

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के तेहेत, तिराप जिले दियोमाली में रामकृष्ण मिशन नगर के विभिन्न संस्थानों के छात्रों और स्टाफ सदस्यों द्वारा कार्यक्रमका आयोजन किया गया। दियोमाली की असिस्टेंट कमिश्नर इंदिरा तामौंग रिबा ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और विवेकानंद मार्ग पर विवेकानंद प्रतिमा के पास छात्रों को संबोधित किया। अपने संबोधन में, उन्होंने समय और इंद्रियों के सही उपयोग के महत्व पर जोर दिया और युवाओं को डर और शर्म से उबरने के लिए प्रोत्साहित किया।

0000000000000000000000

ईस्ट सियाङ जिले के पासिघाट DC ऑफिस में आज हुई एक बैठक में पासीघाट म्युनिसिपल काउंसिल - PMC के नए चुने गए काउनसिलर्स ने पद की शपथ ली। ईस्ट सियाङ उपायुक्त सह जिला चुनाव अधिकारी सोनालिका जिवानी ने सभी आठ काउनसिलर्स को शपथ दिलाई। इसके बाद चाउनसिलर्स की एक बैठक में वार्ड संख्या 1 के तागोम पादुङ को नगर निकाय का चीफ काउंसलर एवं वार्ड संख्या 4 के कामिन लेगो को PMC का डिप्टी चीफ चुना गया है। इस अवसर पर उपायुक्त ने चुने गए काउनसिलर्स की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला और उनसे नागरिक सुविधाओं के लिए समर्पण रहने का आग्रह किया।

0000000000000000000000